**TERM I EXAMINATION (2026-27)**
**HINDI (085)**
**(SET – 1)**

Class : V
Date : 11.09.2026
Admission No.:

Duration: 3 Hrs
Max. Marks: 80
Roll No.:

सामान्य निर्देश:-
1. कृपया अच्छी तरह परीक्षण कर लें कि इस प्रश्नपत्र में 18 प्रश्न हैं ।
2. प्रत्येक भाग के उत्तर एक ही स्थान में क्रम से लिखने की यथासंभव कोशिश करें ।
3. उत्तरलेखन से पूर्व प्रश्न का क्रमांक प्रश्नपत्र के अनुसार अवश्य लिखें ।
4. प्रश्नों के निर्देश ध्यानपूर्वक अवश्य पढ़ें ।

प्रश्नपत्रस्वरूप-

| | |
|---|---|
| भाग 'क' : अपठित गद्यांश | 14 अङ्क |
| भाग 'ख' : व्याकरण | 22 अङ्क |
| भाग 'ग' : पाठ्यपुस्तक | 24 अङ्क |
| भाग 'घ' : लेखन | 20 अङ्क |

---

## खंड क (अपठित बोध )

प्रश्न.1 निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नो के उत्तर दीजिए :-

बहुत पुरानी बात है। सुंदर गाँव में साधु सिंह और शैतान सिंह नाम के दो भाई रहा करते थे। साधु सिंह छोटा था, वह खूब मेहनती और ईमानदार व्यक्ति था। वह गाँव वालों का आदर किया करता था। इस वजह से गाँव वाले उसे खूब प्यार करते थे। जबकि उसका बड़ा भाई शैतान सिंह बेईमान और दुष्ट व्यक्ति था। शैतान सिंह किसी का आदर नहीं करता था। उनके पिता अनाज का धंधा करते थे। पिता के देहांत के समय वे दोनों छोटे थे और मिल-जुलकर रहते थे। वे बड़े हुए, तो शैतान सिंह के मन में बेईमानी आ गई। उसने पिता की दुकान पर लड़-झगड़कर कब्जा जमा लिया।

(i) साधु सिंह कैसा व्यक्ति था? [1]
(a) आलसी और बेईमान (b) मेहनती और ईमानदार
(c) क्रोधी और झगड़ालू (d) लालची

(ii) गाँव वाले साधु सिंह से क्यों प्यार करते थे? [1]
(a) वह अमीर था। (b) वह सबसे लड़ता था।
(c) वह गाँव वालों का आदर करता था। (d) वह अनाज बेचता था।

(iii) शैतान सिंह ने क्या किया? [1]
(क) गाँव छोड़ दिया। (ख) पिता की दुकान पर कब्जा कर लिया।
(ग) नई दुकान खोली। (घ) साधु सिंह की सहायता की

(iv) साधु सिंह और शैतान सिंह में क्या अंतर था? [2]

(v) शैतान सिंह ने बड़े होने पर क्या किया? [2]

प्रश्न. 2 निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नो के उत्तर दीजिए :-

कपिलवस्तु में राजा शुद्धोदन राज्य करते थे। उनका एक पुत्र था, जिसका नाम सिद्धार्थ था। सिद्धार्थ के चचेरे भाई का नाम देवदत्त था। सिद्धार्थ बहुत ही दयालु और उदार था, जबकि देवदत्त बहुत ही क्रोधी और क्रूर था। एक दिन राजकुमार सिद्धार्थ अपने बगीचे में घूम रहे थे। तभी एक हंस उनके सामने आकर गिर पड़ा। सिद्धार्थ ने देखा कि हंस के शरीर में तीर घुसा हुआ है। सिद्धार्थ ने घायल हंस को गोद में उठा लिया। उन्होंने उसके शरीर में से तीर निकाला और घाव की मरहम-पट्टी की। इसके बाद उन्होंने हंस को पानी पिलाया और उसे लेकर महल की ओर चल दिए। इतने में देवदत्त धनुष -बाण लिए दौड़ता हुआ वहाँ आ पहुँचा | वह बोला, " हंस मेरा है | इसे मैंने मारा है |" राजकुमार सिद्धार्थ बोले, " हंस मेरा है | इसे मैंने बचाया है |"

(i) कपिलवस्तु के राजा कौन थे? [1]

(a) दशरथ
(b) शुद्धोदन
(c) जनक
(d) अशोक

(ii) सिद्धार्थ ने घायल हंस के साथ क्या किया? [1]

(a) उसे छोड़ दिया।
(b) उसे महल से बाहर कर दिया।
(c) उसके घाव की मरहम-पट्टी की और पानी पिलाया।
(d) उसे देवदत्त को दे दिया।

(iii) देवदत्त कैसा स्वभाव का था? [1]

(a) दयालु और उदार
(b) मेहनती और ईमानदार
(c) क्रोधी और क्रूर
(d) शांत और विनम्र

(iv) सिद्धार्थ और देवदत्त के स्वभाव में क्या अंतर था? [2]

(v) घायल हंस को देखकर सिद्धार्थ ने क्या किया? [2]

## <u>खंड ख (व्यावहारिक व्याकरण)</u>

प्रश्न.3 भाषा ,व्याकरण और वर्ण -विचार पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए:- (कोई चार) [4]

(i) भाषा के कितने रूप हैं?
(ii) हिंदी भाषा की लिपि का नाम बताइए |
(iii) हमारे देश की राजभाषा कौन सी है?
(iv) चार ह्रस्व स्वरों के नाम लिखिए |
(v) चार दीर्घ स्वरों के नाम लिखिए |

प्रश्न.4 तत्सम तद्भव शब्द पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए:- (कोई दो) [2]

(i) 'स्वर्ण' का तद्भव रूप लिखिए |

(ii) 'चंद्र' का तद्भव शब्द लिखिए |

(iii) 'आग' का तत्सम शब्द लिखिए |

प्रश्न.5 संज्ञा पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए:- (कोई दो) [2]

(i) संज्ञा के कितने भेद होते हैं?

(ii) भारत एक विशाल देश है | व्यक्तिवाचक संज्ञा बताइए)

(iii) शहद में मिठास है | (भाववाचक संज्ञा बताइए)

प्रश्न.6 सर्वनाम पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :- (कोई दो) [2]

(i) सर्वनाम की कितने भेद हैं?

(ii) मैं मुंबई जाऊंगा | (सर्वनाम शब्द बताइए)

(iii) दाल में ------- काला है | (सही सर्वनाम शब्द भरिए)

(iv) वह मेरी साइकल है || (सर्वनाम शब्द बताइए)

प्रश्न.7 विलोम,पर्यावाची शब्द पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए:- (कोई चार) [4]

(i) पक्षी के दो पर्यायवाची शब्द लिखिए

(ii) सूर्य के दो पर्यायवाची शब्द लिखिए

(iii) धर्म का विलोम शब्द लिखिए

(iv) चतुर का विलोम शब्द लिखिए

(v) फूल पर्यायवाची शब्द लिखिए

प्रश्न.8 लिंग और वचन पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए:- (कोई दो) [3]

(i) देव का स्त्रीलिंग रूप लिखिए |

(ii) नौकर का स्त्रीलिंग रूप लिखिए |

(iii) पुस्तक का बहुवचन रूप लिखिए |

(iv) दवाई का बहुवचन रूप लिखिए |

प्रश्न.9 उपसर्ग और प्रत्यय पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए:- (कोई तीन) [3]

(i) 'विज्ञान' में उपसर्ग और मूल शब्द बताइए |

(ii) 'प्रगति' में उपसर्ग और मूल शब्द बताइए|

(iii) 'कलाकार' में प्रत्यय शब्द बताइए|

(iv) 'आजीवन' उपसर्ग और मूल शब्द बताइए|

प्रश्न.10 विराम -चिह्नों पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए:- :- (कोई दो) [2]

(i) मेरा नाम राघव है (सही विराम -चिह्न लगाइए )

(ii) तुम कहाँ रहते हो (सही विराम -चिह्न लगाइए)

(iii) सड़क सदा दाएँ बाएँ देखकर पार करो (सही विराम -चिह्न लगाइए)

## खंड ग (पाठ्यपुस्तक )

प्रश्न.11 दिए गए पठित गद्यांश को पढ़कर सही उत्तर चुनकर लिखिए :- [5]

अब ओमू बहुत खुश था। उसने सोचा कि वह एक पेंसिल खरीदेगा और एक रबड़ खरीदेगा। ठीक वैसा ही, जैसा उसके दोस्त जीतू के पास है। उसे एक स्केल की भी जरूरत है। उसके पास स्केल नहीं था इसलिए वह कभी बिलकुल सीधी लकीरें नहीं खींच पाता। खुशी से नाचते हुए ओमू सड़क पर उछलते-कूदते, सोचते हुए जा रहा था, तभी उसने चौराहे पर चिथड़ों में लिपटे एक बूढ़े आदमी को देखा, जो खाने के लिए कुछ माँग रहा था. "इस गरीब बूढ़े को कुछ खाने के लिए दे दो। मैं दो दिनों से भूखा है।ओमू ने अपने पैसों को देखा और सोचा, "मैं इस बूढ़े आदमी को दो रुपए दे सकता हूँ तब भी मेरे पास आठ रुपए बचेंगे। आठ रुपयों से मैं बहुत-सी चीजें खरीद सकता हूँ।" "दस में से दो रूपए निकालकर वह बूढ़े आदमी की हथेली पर रखते हुए बोला ,"अपने खाने के लिए कुछ खरीद लो बाबा|"

(i) ओमू सबसे पहले क्या खरीदना चाहता था?

(a) किताब (b) पेंसिल
(c) बैग (d) जूते

(ii) ओमू को स्केल की आवश्यकता क्यों थी?

(a) चित्र बनाने के लिए (b) लिखने के लिए
(c) सीधी लकीरें खींचने के लिए (d) खेल खेलने के लिए

(iii) चौराहे पर ओमू ने किसे देखा?

(a) एक दोस्त को (b) एक दुकानदार को
(c) एक बूढ़े भिखारी को (d) एक पुलिसवाले को

(iv) ओमू ने बूढ़े आदमी को कितने रुपये दिए?

(a) 1 रुपये (b) 2 रुपये
(c) 5 रुपये (d) 10 रुपये

(v) बूढ़े आदमी के पास पैसे देने के बाद ओमू के पास कितने रुपये बचे?

(a) 6 रुपये (b) 7 रुपये
(c) 8 रुपये (d) 9 रुपये

प्रश्न.12 दिए गए पठित पद्यांश को पढ़कर सही उत्तर चुनकर लिखिए :- [5]

यह कदंब का पेड़ अगर माँ होता यमुना-तीरे
मैं भी उस पर बैठ कन्हैया बनता धीरे-धीरे।
ले देतीं यदि मुझे बाँसुरी तुम दो पैसे वाली,
किसी तरह नीचे हो जाती यह कदंब की डाली।
तुम्हें नहीं कुछ कहता पर मैं चुपके-चुपके आता,
उस नीची डाली से अम्माँ, ऊँचे पर चढ़ जाता।
वहीं बैठ फिर बड़े मज़े से मैं बाँसुरी बजाता,
अम्माँ अम्माँ कह बंसी के स्वर में तुम्हें बुलाता।

(i) कवि कदंब के पेड़ पर किसका रूप धारण करना चाहता है?

(a) राम (b) अर्जुन

(c) कन्हैया (d) हनुमान

(ii) कविता में कदंब का पेड़ कहाँ बताया गया है?

(a) गंगा तट पर (b) यमुना तट पर

(c) समुद्र किनारे (d) जंगल में

(iii) कवि अपनी माँ से क्या लाने के लिए कहता है?

(a) खिलौना (b) बाँसुरी

(c) गेंद (d) पतंग

(iv) कवि पेड़ की ऊँची डाल पर चढ़कर क्या करना चाहता है?

(a) फल तोड़ना (b) सोना

(c) बाँसुरी बजाना (d) पक्षियों को पकड़ना

(v) नीचे दिए गए कथन और कारण को पढ़कर सही विकल्प चुनिए।

कथन (A):कविता में बालक कदंब के पेड़ पर बैठकर कन्हैया बनने की कल्पना करता है।

कारण (R): क्योंकि वह बाँसुरी बजाकर अपनी माँ को बुलाना चाहता है।

(a) कथन और कारण दोनों सत्य हैं तथा कारण, कथन की सही व्याख्या करता है।

(b)कथन और कारण दोनों सत्य हैं, परन्तु कारण, कथन की सही व्याख्या नहीं करता।

(c)कथन सत्य है, परन्तु कारण असत्य है।

(d) कथन असत्य है, परन्तु कारण सत्य है।

प्रश्न.13 निम्नलिखित गद्य -आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए:- (चार ) [8]

(i) नसीरुद्दीन साहब ने धनी आदमी को क्या समझाया?

(ii) गुरु जी ने अपने शिष्यों की परीक्षा क्यों ली?

(iii) एक शिष्य अपने घर से कोई भी चीज माँग कर क्यों नहीं लाया?

(iv) राजा ने तीनों पुत्रों को दरबार में बुलाकर क्या आज्ञा दी?

(v) अब के जग में कौन-सी कहानियाँ पुरानी हो गई हैं?

प्रश्न. 14 निम्नलिखित गद्य -आधारित दीर्घ प्रश्नों के उत्तर दीजिए:-: (कोई दो) [6]

(i) आप सच्चे और अच्छे शिष्य बनने के लिए कौन से काम करेंगे?

(ii) पढ़ने -लिखने के तीन फायदे बताइये?

(iii) आदमी की पहचान कैसे होती है?

(लेखन-कौशल)

प्रश्न.15 नीचे दिए गए विषयों में से किसी एक विषय पर अनुच्छेद लिखिए :- [5]

(i) मेरा जन्मदिन

(ii) मेरा प्रिय त्योहार

(iii) मेरा विद्यालय

प्रश्न.16 नीचे दिए गए चित्र को देखकर 50 शब्दों में अपने विचार लिखिए :- [5]



प्रश्न.17 नीचे दिए गए विषयों में से किसी एक विषय पर विज्ञापन या लिखिए:- [5]

(i) अक्षरा पेंसिल

(ii) अपनी प्रिय चॉकलेट

(iii) स्कूल बैग

प्रश्न.18 निम्नलिखित विषयों में किसी एक विषय पत्र -लेखन / कहानी लेखन लिखिए :- [5]

(i) परीक्षा में सफलता के लिए मित्र को बधाई पत्र लिखिए |

अथवा

निम्नलिखिते विषयों में से किसी एक विषय पर कहानी लिखिए:

(i) 'प्यासा कौवा' पर एक कहानी लिखिए |

(ii) 'शेर और चूहा' शीर्षक पर कहानी लिखिए |

============================समाप्त=============================